

National Institute of Technical Teachers Training and Research, Chandigarh

# Newsletter

खण्ड 5 अंक 2
अप्रैल–जून, 2014

## Inside...

2
मुख्य उपलब्धियाँ
अप्रैल–जून, 2014

3
आगामी कार्यक्रम
जुलाई–सितम्बर, 2014

4
विविध

## आई ए डब्ल्यू – 2014
## एंटीना विशेषज्ञों, डिजाइनरों तथा उभरते हुए अनुसंधाताओं का संगम

नाइटर, चण्डीगढ़ ने आइईईई (IEEE), एपी–एमटीटी, कोलकात्ता सेक्शन के संयुक्त चैप्टर तथा पंजाब तकनीकी विश्वविद्यालय जालंधर के सहयोग से भारतीय एंटीना सप्ताह के पांचवें संस्करण का आयोजन किया। यह आयोजन दिनांक 26–30 मई, 2014 तक चण्डीगढ़ के पांच सितारा होटल जेडब्ल्यू मैरियट में आयोजित किया गया। इस पांच दिवसीय आवासीय कार्यशाला एवं सम्मेलन में देश के विभिन्न शैक्षिक अनुसंधान संस्थानों तथा उद्योग जगत से लगभग 200 सहभागियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।



आई ए डब्ल्यू 2014 के दृश्य

सम्मेलन के मुख्य उद्‌घाटन समारोह की पूर्व संध्या 26 मई, 2014 को तीन विशेष शैक्षिक सत्रों का आयोजन हुआ। सत्र में ख्याति प्राप्त विशेषज्ञों यथा डा0 रमेश गर्ग, आईआईटी खड़गपुर, प्रो0 केटी सैलवन, चेन्नई तथा प्रो0 आर के मिश्रा, बहरामपुर विश्वविद्यालय, ओडिशा ने सहभागियों को सम्बोधित किया।

27 मई, 2014 को आई ए डब्ल्यू – 2014 विषयक सम्मेलन का उद्‌घाटन करते हुए मुख्य अतिथि डा0 एल दास, निदेशक, समीर मुम्बई ने आयोजकों द्वारा, शैक्षिक/अनुसंधान संस्थानों तथा उद्योग जगत के विशेषज्ञों को एक मंच पर लाकर एंटीना विषय पर विचार–विमर्श करने के प्रयास की प्रशंसा की। डा0 एम पी पूनियाँ, निदेशक, नाइटर, चण्डीगढ़ ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए सम्मेलन के आयोजकों को इस विशिष्ट प्रबंधन के लिए बधाई दी और कहा कि ऐसी पहल से एंटीना के क्षेत्र में अनुसंधान तथा निरन्तर अध्ययन को प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने यह भी आशा व्यक्त की कि समारोह में देश के विभिन्न हिस्सों से आए हुए सहभागी इस विषय पर पारस्परिक तालमेल के माध्यम से अपने एंटीना अनुसंधान को विश्वस्तरीय बनाएंगे।

समारोह के मुख्य विशेषज्ञों में थे– प्रो0 ए अल्फोन्स, सिंगापुर, प्रो0 टीजी मा, तायवान, प्रो0 रमेश गर्ग, खड़गपुर, प्रो0 के जे विनॉय, बैंगलोर, प्रो0 देबोतास गुहा और अध्यक्ष, आइईईई – कोलकात्ता सैक्शन, प्रो0 संजोए दास, यूएसए, प्रो0 आर के मिश्रा, ओड़िशा, प्रो0 एस राघवन, त्रिची, प्रो0 एस एस पट्‌टनायक, चण्डीगढ़, प्रो0 भास्कर गुप्ता, जोधपुर और विभिन्न उद्योग विशेषज्ञ।

इस पांच दिवसीय शैक्षिक समारोह में एंटीना अनुसंधान संबंधी भूत, वर्तमान एवं भविष्य में मौलिक इलैक्ट्रोमैगनेटिक थ्यूरी से लेकर अत्याधुनिक उपकरणों तक के विषय पर चर्चा की गई। समारोह का विशेष आकर्षण विभिन्न औद्योगिक कम्पनियों द्वारा प्रायोजित प्रदर्शनी थी जिसमें सहभागियों को विभिन्न उपकरणों पर स्वयं अभ्यास करने का अवसर प्राप्त हुआ।

आई ए डब्ल्यू–2014 के मुख्य आयोजक डा0 एस एस पट्‌टनायक तथा प्रो0 एस राघवन ने ईटीवी विभाग की समर्पित तथा अनुभवी टीम के सहयोग से क्वालिटी इन्पुट विशिष्ट विशेषज्ञों को आमंत्रित कर अतीव उपयोगी शैक्षिक कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रतिदिन की अत्यधिक व्यस्त शैक्षिक गतिविधियों/प्रस्तुतियों के उपरान्त सायं के समय सांस्कृतिक संध्या के आयोजन से सभी सहभागियों ने हल्का मनोरंजन किया।

शेष पृष्ठ 4 पर

# अप्रैल–जून, 2014 के दौरान मुख्य उपलब्धियाँ

## समावेशी रोजगार हेतु भागीदारी विषयक गोल मेज़ बैठक एवं अशक्तजन रोज़गार मेला

गोल मेज़ बैठक का दृश्य





अशक्तजन रोज़गार मेले के दौरान विशेषज्ञों को सुनते हुए

नाइटर, चण्डीगढ़ में 19 मई, 2014 को समावेशी रोजगार हेतु भागीदारी (पीआईई) विषयक गोल मेज बैठक आयोजित हुई। नियोक्ता, जिन्होंने अशक्तजन समूह (पीडब्ल्यूडी) को भर्ती किया, सी आई आई, चण्डीगढ़ से प्रतिनिधि, व्यावसायिक पुनर्वास केन्द्र, लुधियाना, सार्थक शैक्षिक ट्रस्ट, नई दिल्ली तथा टैक् महिन्द्रा फाऊंडेशन, नई दिल्ली के प्रतिनिधियों ने बैठक में भाग लिया। गोल मेज बैठक के आयोजन का परिणाम यह रहा कि अशक्तजन समूह, विभिन्न कम्पनियों में नियोजित होने के फलस्वरूप अपनी सशक्तता की महत्ता के बारे में जागरूक हो गए। गोल मेज बैठक से अशक्तजन समूह को अपने कर्त्तव्यों का निर्वहण करते हुए महसूस हो रही चुनौतियों को समझने में भी सहायता प्राप्त हुई और इसके साथ ही संभावित नियोक्ताओं को अशक्तजन कर्मचारीगणों के साथ कार्य व्यवहार करने की समझ में सहायता प्राप्त हुई है।

20 मई, 2014 को नाइटर, चण्डीगढ़ में अशक्तजन समूह को रोजगार प्रदान करने के लिए जॉब मेले का आयोजन किया गया। जॉब मेला नाइटर, चण्डीगढ़, सार्थक शैक्षिक ट्रस्ट नई दिल्ली, सी आई आई, चण्डीगढ़ तथा व्यावसायिक पुनर्वास केन्द्र लुधियाना के साथ संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। जॉब मेले में 21 कम्पनियों/संगठनों तथा 250 अशक्तजनों ने भाग लिया। मेले में 13 कम्पनियों/संगठनों द्वारा 57 अशक्तजनों की सूची तैयार की गई।



योग्यता प्राप्त अशक्तजनों के लिए नौकरी मेला

## भावी शिक्षा–नेतृत्व विकास कार्यक्रम पर प्रशिक्षण कार्यशाला



प्रशिक्षण कार्यशाला का दृश्य

नाइटर, चण्डीगढ़ ने भावी शिक्षा–नेतृत्व विकास कार्यक्रम नामक विषय पर दो प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित की जिनमें इंजीनियरी महाविद्यालयों तथा बहुतकनीकियों के चार संकाय सदस्यों, मानव संसाधन विकास मंत्रालय के देश भर से अधिकारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यशाला डुडले कॉलेज यूके द्वारा आयोजित की गई, कार्यशाला भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्–ब्रिटिश समझौता ज्ञापन यूके इंडिया शिक्षा तथा अनुसंधान पहल (यूकेरी) के एक भाग के रूप में थी जिसका उद्देश्य वरिष्ठ संकाय सदस्यों के प्रबंधन एवं नेतृत्व सक्षमताओं का संवर्धन करना था। श्री लोवेल्ल विलियमस, प्रधानाचार्य डुडले महाविद्यालय, यूके के नेतृत्व वाले 4 विशेषज्ञों के दल ने अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रशिक्षण कार्यशालाएं 30 अप्रैल से 2 मई, 2014 तथा 19–21 मई, 2014 के दौरान आयोजित की गई।



**उद्‌घाटन समारोह के दौरान मुख्य अतिथि श्री प्रवीण प्रकाश, आईएएस, संयुक्त सचिव,एमएचआरडी एवं विशिष्ट अतिथि प्रो0 वी के अग्रवाल, निदेशक, नाइटर, भोपाल**

## हिन्दी कार्यशाला का आयोजन

राजभाषा हिन्दी के प्रचार प्रसार को महत्व देते हुए संस्थान में दिनांक 30.06.2014 को 'सरकारी कामकाज़ में सरल एवं सहज हिन्दी' विषयक हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में संस्थान के डा0 एस चटर्जी, प्रो0 एवं विभागाध्यक्ष, विद्युत् अभियांत्रिकी विभाग ने उपरोक्त विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। डा0 चटर्जी के प्रेरणादायी एवं अनुभवी व्याख्यान से कार्यशाला में उपस्थित सभी सहभागी अत्यन्त प्रभावित एवं लाभान्वित हुए। सभी ने हिन्दी के प्रति सकारात्मक सोच अपनाते हुए निश्चय किया कि वे भविष्य में अपने राजकीय कामकाज में हिन्दी का अधिक से अधिक प्रयोग करेंगे।

## अप्रैल से जून 2014 के दौरान आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम

| विवरण | कार्यक्रमों की संख्या | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|
| बहुतकनीकी कॉलेज | 17 | 210 |
| अभियांत्रिकी कॉलेज | 18 | 317 |
| आईसीटी आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम | 13 | 1485 |

# आगामी कार्यक्रम (जुलाई–सितम्बर, 2014)

## बहुतकनीकी कॉलेज

1. वैब हैकिंग एवं सुरक्षा, 14–18 जुलाई
2. नौकरी के साक्षात्कार हेतु विद्यार्थियों को तैयार करना, 14–18 जुलाई
3. भौतिकी प्रयोगशाला–स्थापित करना एवं अद्यतन करना, 21–25 जुलाई, नाइटर/केजीपीसी, श्रीनगर
4. पर्यावरण–प्रदूषण एवं नियंत्रण, 21–25 जुलाई, दिल्ली
5. स्टैड प्रो इस्तेमाल करते हुए ढांचागत डिज़ाइन, 21–25 जुलाई
6. आधुनिक प्रबन्धन अभ्यास में उन्नयन, 21–25 जुलाई, जीपीडब्ल्यू, श्रीनगर
7. तकनीकी शिक्षा में ई–शासन, 21–25 जुलाई
8. यांत्रिक अभियांत्रिकी में पीएलसी अनुप्रयोग, 21–25 जुलाई
9. बो–रेन रेनोवेशन तकनीक हेतु समेकित ग्रामीण विकास, 21–25 जुलाई
10. ऑप्टिकल फाइबर सम्प्रेषण में उन्नयन, 4–8 अगस्त
11. परियोजना नियोजन एवं प्रबन्धन, 4–8 अगस्त
12. ढांचों का भूकम्प की दृष्टि से पुनर्संयोजन, स्वस्थ्य हेतु निगरानी एवं पुनर्वास, 4–8 अगस्त
13. कम्प्यूटर नेटवर्किंग, 4–8 अगस्त
14. प्रोग्रामेबल लॉजिक कन्ट्रोलर्स, 4–8 अगस्त
15. ग्रामीण भारत में लघु–उद्यम विकास, 4–8 अगस्त
16. प्रभावी पाठ्यचर्या कार्यान्वयन, 5–7 अगस्त, राजकीय बहुतकनीकी, लखनऊ
17. उद्यमवृत्ति बोध शिविर, 6–8 अगस्त, जीपी, हिसार
18. कैड/कैम, 18–22 अगस्त
19. न्यूक्लियर रेडीएशन और उनका अनुप्रयोग, 25–29 अगस्त
20. पर्यावरण अभियांत्रिकी में प्रयोगशाला अभ्यास, 25–29 अगस्त
21. कंक्रीट मिक्स डिज़ाइन – नए निर्देश, 25–29 अगस्त
22. लिनक्स प्रशासन, 25–29 अगस्त
23. उद्योग में एफडीपी – संस्थान हिस्सेदारी, 25–29 अगस्त
24. इंट्रोडक्शन टू अम्बैडड् सिस्टम, 25–29 अगस्त
25. छात्रों को नौकरी में साक्षात्कार हेतु तैयार करना, 25–29 अगस्त
26. इलैक्ट्रोनिक कम्पोनेंटस, पीसीबी लेआऊट, फैब्रिकेशन एण्ड टैस्टिंग, 25–29 अगस्त, जीजीपीसी, चण्डीगढ़
27. पुस्तकालयध्यक्षों हेतु इन्टरनेट सहयोगात्मक टूल्स, 25–29 अगस्त
28. सांस्थानिक प्रत्यायन (एनबीए मार्गदर्शन) गुणवत्ता प्रबन्धन, 25–29 अगस्त
29. कार्यशाला अनुदेश हेतु सुपरवाइज़री विकास कौशल, 25–29 अगस्त
30. वैब हैकिंग एण्ड सिक्योरिटी, 01–05 सितम्बर, जीपीडब्ल्यू, श्रीनगर
31. बीएलएसआई डिज़ाइन, 01–05 सितम्बर
32. आधुनिक कार्यालय प्रबन्धन, 01–05 सितम्बर
33. यूपीएस, इन्वर्टर और एसएमपीएस की मरम्मत एवं अनुरक्षण, 01–05 सितम्बर
34. भू–तकनीकी अन्वेषण, 8–12 सितम्बर,
35. वेब कांटेन्ट डिवैल्पमेंट यूज़िंग मूड्ल, 8–12 सितम्बर
36. विभिन्न अशक्तजनों हेतु शिक्षा एवं प्रशिक्षण में उन्नति, 8–12 सितम्बर
37. जीएसएम टू जीपीआरएस, 08–12 सितम्बर
38. मशीनी औज़ारों की मरम्मत एवं अनुरक्षण, 8–12 सितम्बर
39. यांत्रिक अभियांत्रिकी में रिफ्रेशर कोर्स, 8–19 सितम्बर
40. ग्रीन बिल्डिंग – धारणा एवं प्रयोग, 15–19 सितम्बर
41. ई–कामर्स, 15–19 सितम्बर, जीपीडब्ल्यू, श्रीनगर
42. सिस्टम तैयार करने का परिचय, 15–19 सितम्बर
43. प्रश्नपत्रों को तैयार करना एवं मूल्यांकन करना, 15–19 सितम्बर, जीपी जम्मू/केजीपी, श्रीनगर
44. अभियांत्रिकी आरेखन में शिक्षण अभ्यास, 15–19 सितम्बर
45. समेकित जल स्रोत प्रबन्धन एवं समग्र सम्पोष्य प्रचार, 15–19 सितम्बर
46. उद्यमवृति विकास में एफडीपी, 15–26 सितम्बर
47. पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में रिफ्रेशर कोर्स, 15–26 सितम्बर
48. स्टील ढांचों के डिज़ाइन में आधुनिकतम डिज़ाइन तकनीकें, 22–26 सितम्बर
49. माप पुर्जों एवं विद्युत् आपूर्ति की मरम्मत तथा अनुरक्षण, 22–26 सितम्बर
50. आधुनिक मीडिया प्रयोग करते हुए अनुदेशात्मक सामग्री विकास, 22–26 सितम्बर

## इंजीनियरिंग कॉलेज

1. वैब हैकिंग एवं सुरक्षा, 14–18 जुलाई
2. विज्ञान प्रयोगशाला प्रयोग करते हुए डीएसपी, 14–18 जुलाई
3. नौकरी के साक्षात्कार हेतु विद्यार्थियों को तैयार करना, 14–18 जुलाई
4. भौतिकी प्रयोगशाला–स्थापित करना एवं अद्यतन करना, 21–25 जुलाई,
5. स्टैड प्रो इस्तेमाल करते हुए ढांचागत डिज़ाइन, 21–25 जुलाई
6. लेटैक्स प्रोग्रामिंग, 21–25 जुलाई
7. प्रभावी शिक्षण नीतियां, 21–25 जुलाई, आईजीडीटीयूडब्ल्यू, दिल्ली
8. तकनीकी शिक्षा में ई–शासन, 21–25 जुलाई
9. उन्नत निर्माण ढंग, 21–25 जुलाई
10. परियोजना नियोजन एवं प्रबन्धन, 4–8 अगस्त
11. ढांचों का भूकम्प की दृष्टि से पुनर्संयोजन, स्वस्थ्य हेतु निगरानी एवं पुनर्वास, 4–8 अगस्त
12. ऑप्टिकल फाइबर सम्प्रेषण में उन्नयन, 4–8 अगस्त
13. ऑप्टिमाइजेशन तकनीक्स, 11–15 अगस्त
14. पुस्तकालयध्यक्षों हेतु इन्टरनेट सहयोगात्मक टूल्स 25–29 अगस्त
15. सांस्थानिक प्रत्यायन (एनबीए मार्गदर्शन) गुणवत्ता प्रबन्धन, 25–29 अगस्त
16. उद्योग संस्थान साझेदारी में एफडीपी, 25–29 अगस्त
17. कार्यशाला अनुदेश हेतु सुपरवाइज़री विकास कौशल, 25–29 अगस्त
18. कंक्रीट मिक्स डिज़ाइन–नए दिशा–निर्देश, 25–29 अगस्त
19. आणविक विकिरण एवं उनका अनुप्रयोग, 25–29 अगस्त
20. वीएलएसआई, 01–05 सितम्बर
21. मूड्ल इस्तेमाल करते हुए वैब विषय–वस्तु तैयार करना, 8–12 सितम्बर
22. यांत्रिक अभियांत्रिकी में रिफ्रेशर कोर्स, 8–19 सितम्बर
23. ओएफसी सिस्टम डिज़ाइन एवं सिम्यूलेशन, 15–19 सितम्बर
24. ग्रीन बिल्डिंग–धारणा एवं अभ्यास, 15–19 सितम्बर
25. समेकित जल स्रोत प्रबन्धन एवं समग्र सम्पोष्य प्रचार, 15–19 सितम्बर
26. उद्यमवृति विकास में एफडीपी, 15–26 सितम्बर
27. पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में रिफ्रेशर कोर्स, 15–26 सितम्बर
28. ऑप्टिकल फाइबर सम्प्रेषण, 22–26 सितम्बर
29. आधुनिक मीडिया प्रयोग करते हुए अनुदेशात्मक सामग्री विकास, 22–26 सितम्बर
30. एंटीना का सिम्यूलेशन एवं अभ्यास, 22–26 सितम्बर, संस्थान से बाहर

Note : The above programmes will be conducted at NITTTR, Chandigarh unless otherwise stated.
For details please visit our institute website : www. nitttrchd.ac.in

## बहुतकनीकियों एवं अभियांत्रिकी कॉलेजों के लिए आईसीटी के माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रम

1. अनुदेशात्मक नियोजन एवं प्रस्तुतिकरण (मॉडयूल IV: सम्प्रेषण कौशल), 7 से 11 जुलाई
2. मुक्त स्रोत प्रौद्योगिकियां, 21–25 जुलाई
3. सॉलिड स्टेट कंट्रोल ऑफ इलैक्ट्रिक ड्राइवर्स, 21–25 जुलाई
4. विज्ञान प्रयोगशाला प्रयोग करते हुए सॉफ्ट कम्प्यूटिंग, 21–25 जुलाई
5. अनुदेशात्मक नियोजन एवं प्रस्तुतिकरण (मॉडयूल III: विद्यार्थी मूल्यांकन), 21–25 जुलाई
6. एनएसक्यूएफ, सामुदायिक कॉलेज एवं कौशल विकास योजना का सुनीतिपूर्ण प्रबन्धन, 21–25 जुलाई, 2014
7. क्लाऊड कम्प्यूटिंग, 4 से 8 अगस्त
8. औद्योगिक ऑटोमेशन एवं रॉबोटिक्स, 4–8 अगस्त
9. कम्प्यूटर नेटवर्किंग, 4–8 अगस्त
10. अनुदेशात्मक नियोजन एवं प्रस्तुतिकरण (मॉडयूल III: विद्यार्थी मूल्यांकन), 4 से 8 अगस्त
11. अनुदेशात्मक नियोजन एवं प्रस्तुतिकरण (मॉडयूल I: अनुदेशात्मक नियोजन), 25 से 29 अगस्त

शेष पृष्ठ 4 पर

पृष्ठ 1 का शेष भाग

27 मई, 2014 को एक विशेष संवाददाता सम्मेलन का आयोजन भी हुआ जिसमें प्रो0 एम पी पूनियाँ, प्रो0 पट्टनायक, प्रो0 देबोतास गुहा, प्रो0 राघवन तथा डा0 एल दास के साथ जाने माने स्थानीय पत्रकारों की अति उपयोगी चर्चा हुई, इसे शहर के प्रमुख समाचार पत्रों ने विशेष स्थान दिया।

गुणवत्ता अनुसंधान को प्रोत्साहित करने के लिए प्रो0 रजनीश अरोड़ा सर्वश्रेष्ठ शोध लेख, प्रो0 एम पी पूनियाँ सर्वश्रेष्ठ स्नातकोत्तर शोध लेख तथा आई ए डब्ल्यू–2014 आयोजकों द्वारा सर्वश्रेष्ठ पूर्व स्नातकोत्तर शोध लेख नामक तीन श्रेणी के पुरस्कार रखे गए जिन्हें क्रमशः डा0 जे जी जोशी, नासिक, सुश्री सक्थि अबयकुमार मदुरई तथा सुश्री जपजीत कौर, एमटैक छात्रा, नाइटर, चण्डीगढ़ को उनके उत्कृष्ट शोध लेखों एवं प्रस्तुति के लिए प्रदान किए गए।

इस पांच दिवसीय कार्यशाला व सम्मेलन का समापन 30 मई को जिन सिफारिशों के साथ सम्पन्न हुआ वे हैं : एंटीना प्रयोगों के लिए केन्द्रीयकृत सुविधाएं स्थापित करना, उद्योग जगत से पाठ्यचर्या पर आधारित कम लागत में अधिकतम अनुकूल समाधान की अपेक्षा करना, राष्ट्र की रडार तथा स्पेस संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए गुणात्मक शोध कार्य शुरू करने की जरूरत एवं आरएफ जैव चिकित्सा की जरूरत पर बल देना इत्यादि ।

पृष्ठ 3 का शेष भाग

12. पुनर्नवीकरण ऊर्जा आधारित प्रौद्योगिकियां, 25 से 29 अगस्त
13. डिजास्टर प्रबन्धन, 25 से 29 अगस्त
14. फायरवॉल्स, वीपीएन तथा इन्ट्रीयूज़न प्रीवैनशन सिस्टम द्वारा नेटवर्कस प्राप्त करना, 8–12 सितम्बर
15. अनुदेशात्मक नियोजन एवं प्रस्तुतिकरण (मॉडयूल III: सम्प्रेषण कौशल), 8 से 12 सितम्बर
16. मैटलैब एवं इनका अनुप्रयोग, 15–19 सितम्बर
17. पीएचपी एवं माई एसक्यूएल, 22–26 सितम्बर
18. ऑप्टिकल फाइबर कॉम्यूनिकेशन, 22–26 सितम्बर
19. कम्प्यूटर इंटरग्रेटिड मैन्यूफेक्चरिंग, 22–26 सितम्बर
20. अनुदेशात्मक नियोजन एवं प्रस्तुतिकरण (मॉडयूल III: विद्यार्थी मूल्यांकन), 22 से 26 सितम्बर

## नज़रिया

रात के अंधेरे की
काली चादर पे.....
लिपटे सितारों से....
नज़रिये हो गये छोटे
बौने अब........
बड़े दिखने लगे
चले थे........
इन्सानियत की राह पर
मुसीबत में पड़े
दिखने लगे।

विनय वढ़ेरा

## विद्युत् अभियांत्रिकी विभाग के विद्यार्थी चैप्टर का उद्घाटन समारोह






डा0 एस चटर्जी, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, विद्युत् अभियांत्रिकी विभाग ने 16 जून, 2014 को विद्यार्थी चैप्टर 'इलैक्ट्रीनकॉन' का उद्घाटन किया। उसी दिन चैप्टर की प्रथम गतिविधि अर्थात् लघु परियोजना गतिविधि के अन्तर्गत वर्किंग परियोजनाओं के विकास पर तकनीकी प्रतिस्पर्धा 'प्रोजेक्ट्रीका' आयोजित हुई। (i) श्री तजिन्दर के देवगन [एमई, विद्युत् (आईएण्डसी) मॉडूलर 2013 बैच] द्वारा तैयार की गई, '3डी एलईडी क्यूब' (ii) श्री अभिनव कान्त, श्री वरूण, श्री मुकेश, श्री कुनाल किशोर [एमई इलैक्ट्रीकल (आईएण्डसी) नियमित 2013 बैच] सहित विद्यार्थियों के समूह द्वारा तैयार की गई 'टीएसओपी सैंसर बेसड् ऑटोमैटिक बोटल फिलिंग काउंटर सिस्टम विद् एनकृप्टिड् सिगनल' नामक दो सर्वश्रेष्ठ परियोजनाओं को पुरस्कृत किया गया।



## विदाई

**श्री मनमोहन सिंह, तकनीशियन,**
यांत्रिक अभियांत्रिकी विभाग (वातानुकूलन एवं प्रशीतन)
दिनांक 30.06.2014 को सेवानिवृत्त हो गए हैं।



हम, शिक्षकों, प्रशासकों एवं राज्यों तथा केन्द्र में तकनीकी शिक्षा से संबंध रखने वाले अधिकारियों से तकनीकी शिक्षा विषयक नवीनतम परियोजनाओं संबंधी लेख एवं नई सामग्रियां आमंत्रित करते हैं।



TEAMING TOGETHER
NITTTR
CHANDIGARH

National Institute of Technical Teachers Training and Research
Sector 26, Chandigarh - 160 019 (INDIA)

EPABX Line : (0172) 2759500 Fax : (0172) 2791366, 2793893
E-mail:director@nitttrchd.ac.in, dirnitttrchd@yahoo.com
Website : www.nitttrchd.ac.in

**Edited by:** BS Pabla/Rama Chhabra/Vinod Vasishth
**Published by:** Director, NITTTR, Sector 26, Chandigarh
**Printed at:** Deepak Printpack Ph: 0172-4622003